>

Title: Need to set up a Manganese Ore Plant in Reeva district, Madhya Pradesh.

श्री चन्द्र मणि त्रिपाठी (रीवा) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र रीवा मध्य प्रदेश सेमरिया में मेंगनीज का प्रचुर भंडार है, जिसका भारी पैमाने पर उत्खनन कर बिहार और झारखंड ले जाया जाता है। अगर भारत सरकार वहां पर सेमरिया के आसपास मेंगनीज से संबंधित कारखाना लगाने की दिशा में पहले करे तो न केवल रीवा संसदीय क्षेत्र अपितु रीवा संभाग में व्याप्त बेरोजगारी दूर हो सकती है और जो बेरोजगार हाथ गुमराह हो रहे हैं उनको रचनात्मक दिशा में मोड़ा जा सकता है। इसी प्रकार डमौरा के पास सिल्का सैन्ड की प्रचुरता है। वहां स्लेट बनाने का कारखाना लगाया जा सकता है। अकेले रीवा जिले में चूने के पत्थर का भंडार होने से 2 सीमेंट फैक्ट्रियां लगी हुई हैं और न केवल काफी लाभ कमा रही है बल्कि रीवा के औद्योगिक विकास में भी योगदान दे रही हैं।

अतः मेरा भारत सरकार से अनुरोध है कि सरकार रीवा जिले में मेंगनीज से संबंधित कारखाना लगाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करे ताकि रीवा जिले की बेरोजगारी कुछ हद तक दूर हो सके। अतः सरकार इस दिशा में शीघ्र ही सार्थक एवं ठोस कदम उठाये।